# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अराई (अजमेर)

विधिक राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 63/2024

1. जीतराम पुत्र प्रभू उम्र करीबन 20 वर्ष
2. धूकल पुत्र मोडू उर्फ मोड़ा उम्र करीबन 65 वर्ष
3. नन्दराम पुत्र हरकरण उम्र करबीन 35 वर्ष
4. परमेश्वर पुत्र हरकरण उम्र करीबन 40 वर्ष
5. रसाल पत्नि प्रभू उम्र करीबन 50 वर्ष
6. सोदान पुत्र हरकरण उम्र करीबन 52 वर्ष
7. नाबालिग अन्नू पुत्री प्रभू सरंक्षक सरपरस्त माता रसाल
8. नोरती पत्नि धूकल उम्र करीबन 61 वर्ष

सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।

प्रार्थीगण

बनाम

1. पांचू पुत्र रामलाल जाति जाट निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान।
2. गोपाल पुत्र बक्शा
3. घमला पुत्री बक्शा
4. बन्नालाल पुत्र बक्शा
5. रतन पुत्र बक्शा
6. सुवा पुत्र बक्शा सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम झिरोता तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।
7. जेठू पुत्र श्योनाथ
8. महावीर प्रसाद पुत्र जग्गा
9. कमलेश देवी पत्नि महावीर प्रसाद जाट
10. रामेश्वरी देवी पुत्री जेठू पति उमराव

सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।

11. किशना पुत्र रामकरण
12. घमला पत्नि स्व० नोरत
13. छोटू पुत्र रामकरण
14. जेठू पुत्र रामकरण
15. बनवारी पुत्र रामकरण
16. मदन पुत्र रामकरण
17. मेवा पुत्री रामकरण
18. महावीर पुत्र नोरत
19. माया देवी पुत्री नोरत
20. मिश्री पुत्र रामकरण
21. सन्तोक पुत्री रामकरण
22. सुवा पुत्र रामकरण

सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।

23. चम्पा पत्नि सुवा
24. लाडौं पत्नि जेठ

सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।

25. गणेश दत्तक पुत्र रामचन्द्र जाति जाट निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान।
26. अमरा पुत्र रामकिशन
27. करण पुत्र गोपाल

28. किशनलाल जाट पुत्र श्योनारायण
29. छगना पुत्र रामकिशन
30. जीतराम पुत्र रंगलाल

31. दयाल पुत्र माधू
32. धापू पत्नि रामनारायण
33. नोरत पुत्र रंगलाल
34. पांचू पुत्र रामकिशन
35. भंवरलाल जाट पुत्र श्योनारायण
36. मंगला पुत्र लादू
37. महेन्द्र पुत्र गोपाल
38. मोहन पुत्र काना
39. रसाल पत्नि गोपाल
40. राधाकिशन पुत्र रामकिशन
41. रामदेव पुत्र रामनारायण
42. रामधन पुत्र गोपाल
43. रामेश्वर पुत्र धन्ना
44. श्योजी पुत्र धन्ना
45. सुरता पुत्री रंगलाल
46. सुवा पुत्र धन्ना
47. हाथी पुत्र धन्ना
48. लाली पत्नि स्व० मोती
49. मथरा पुत्री स्व० मोती
50. सायर पुत्री स्व० मोती
51. रामलाल पुत्र स्व० मोती
52. जगदीश पुत्र स्व० गोती

सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम जोरावरपुरा तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।

53. सायर पत्नि स्व. श्योनारायण
54. सॉवरलाल जाट पुत्र श्योनारायण
55. हरि जाट पुत्र श्योनारायण

सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम गोठियाना तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।

56. किशनलाल पुत्र मांगीलाल उर्फ मांगू जाति बलाई निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान।
57. प्रभूलाल पुत्र मांगीलाल उर्फ मांगू जाति बलाई निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान।
58. उमराव पुत्र गोविन्दा
59. छोटी पत्नि जतना
60. तेजा पुत्र गोविन्दा
61. बसराम पुत्र बालू
62. भागचन्द पुत्र जतना
63. रमेश पुत्र बालू
64. श्योजी पुत्र जतना
65. हरिकिशन पुत्र गोविन्दा

सर्व जाति जाट सर्व निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान ।

66. राज्य सरकार जरिये श्रीमान् तहसीलदार महोदय, तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान।

—अप्रार्थीगण

**निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 के तहत**

निर्णय दिनांक

वकील वादी श्री रामदेव गुर्जर एडवोकेट

प्रार्थीगण की और से एक प्रार्थना पत्र वकील श्री रामदेव गुर्जर एडवोकेट द्वारा अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत पेश किया गया । वकील वादी ने निवेदन किया कि

प्रार्थीगण की सहखातेदारी की आराजी ग्राम आकोडिया पटवार हल्का आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान में स्थित है जिसके खसरा नम्बर 2440/1661 रकबा 0.9546 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1657 रकबा 6.8199 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2438/1657 रकबा 0.7119 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1658 रकबा 0.0405 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1659 रकबा 2.3785 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1649 रकबा 3.1227 हैक्टेयर भूमि है जिसमें प्रार्थीगण अपने–अपने हिस्से पर काबिज काश्त है। उपरोक्त आराजीयात की चतुर्थ सीमा निम्न प्रकार से है एवं चतुर्थ सीमा में काबिज काश्त अधिकार अभिलेख में इन्द्राज खातेदारो को प्रार्थना पत्र में पक्षकार संयोजित किया जा रहा है।(अ) खसरा नम्बर 2440/1661 रकबा 0.9546 हैक्टेयर के अडौस–पडौस निम्न प्रकार से है कि

उत्तर :– खसरा नम्बर 1663 (अप्रार्थी संख्या 11 लगायत 24 की खातेदारी भूमि)

दक्षिणः– खसरा नम्बर 1661 (अप्रार्थी संख्या 26 लगायत 54 की खातेदारी भूमि)

पूर्व खसरा नम्बर 1662 (अप्रार्थी संख्या 58 से 65 की खातेदारी भूमि)

पश्चिम खसरा नम्बर 1663 (अप्रार्थी संख्या 11 लगायत 24 की खातेदारी भूमि)

(ब) खसरा नम्बर 1657 रकबा 6.8199 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 2438/1657 रकबा 0.7119 हैक्टेयर के अडौस–पडौस निम्न प्रकार से है कि

उत्तर :– खसरा नम्बर 2436/1656 (अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी भूमि), खसरा नम्बर 2437/1656 (अप्रार्थी संख्या 2 लगायत 10 की खातेदारी भूमि), 1655 (अप्रार्थी संख्या 11 लगायत 22 की खातेदारी भूमि)

–दक्षिण खसरा नम्बर 2438/1657 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि)

:–पूर्व खसरा नम्बर 1662 (प्रार्थीगण की भूमि कि खातेदारी भूमि) पश्चिम :– खसरा नम्बर 1653, 1656, (अप्रार्थी संख्या 25 की खातेदारी
भूमि), खसरा नम्बर 2434/1653, 2436/1656 (अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी भूमि)

(स) खसरा नम्बर 1659 रकबा 0.9546 हैक्टेयर के अडौस–पडौस निम्न प्रकार से है कि

उत्तर :– खसरा नम्बर 1658 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि)

दक्षिण :– खसरा नम्बर 2439/1659 (अप्रार्थी संख्या 26 लगायत 55 की खातेदारी भूमि)

पूर्व –खसरा नम्बर 1658 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि) खसरा नम्बर 1663 (अप्रार्थी संख्या 11 से 24 की खातेदारी भूमि)

पश्चिम खसरा नम्बर 1649 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि) खसरा नम्बर 2431/1648 (अप्रार्थी संख्या 11 लगायत 22 की खातेदारी भूमि)

(द) खसरा नम्बर 1649 रकबा 3.1227 हैक्टेयर के अडौस–पडौस निम्न प्रकार से है कि

उत्तर :– खसरा नम्बर 2438/1657 (2438/1657 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि)

दक्षिण :– खसरा नम्बर 2433/1652 (अप्रार्थी संख्या 2 लगायत 10 की खातेदारी भूमि)

पूर्व –खसरा नम्बर 2431/1648 (अप्रार्थी संख्या 11 से 22 की खातेदारी भूमि) खसरा नम्बर 1659 (प्रार्थीगण की आराजी)

पश्चिम :– खसरा नम्बर 2551/1650 (अप्रार्थी संख्या 56 की खातेदारी भूमि), खसरा नम्बर 2552/1650 अप्रार्थी संख्या 57 की खातेदारी भूमि), खसरा नम्बर 2433/1652 अप्रार्थी संख्या 2 लगायत 10 की खातेदारी भूमि)

(य) खसरा नम्बर 1658 रकबा 0.0405 हैक्टेयर के अडौस–पडौस निम्न प्रकार से है कि

उत्तर :– खसरा नम्बर 1663 (अप्रार्थी संख्या 11 से 24 की खातेदारी भूमि), खसरा नम्बर 2438/1657 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि)

दक्षिण :– खसरा नम्बर 1659 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि)

पूर्व खसरा नम्बर 1663 (अप्रार्थी संख्या 11 से 24 की खातेदारी भूमि)

पश्चिम :– खसरा नम्बर 1649 (प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि)

उपरोक्त सीमा मध्य स्थित कृषि भूमि उपरोक्त सीमा मध्य के स्थित है जो संलग्न नजरी नक्शा/राजस्व ट्रेस के अनुसार प्रार्थना पत्र में चतुर्थ सीमा में स्थित खातेदारान को पक्षकार संयोजित किया गया है।

प्रार्थीगण संयुक्त रूप से ग्राम आकोडिया पटवार क्षेत्र आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर में अवस्थित है जिसके वर्तमान खसरा नम्बर 2440/1661, 1657, 2438/1657, 1658, 1659, 1649 भूमि है परन्तु अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 65 द्वारा आये दिन सींव (सीमा) को लेकर विवाद करते रहते है एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 65 एवं परिवारजन के द्वारा प्रार्थीगण की सयुक्त खातेदारी की कृषि भूमि की सींव उखाड़ने पर आमादा हो जाते है एवं प्रार्थीगण की आराजी पर ब्लात, अतिचार, अतिक्रमण करने पर आमादा है। जिससे प्रार्थीगण काफी परेशान है। अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 65 द्वारा आये दिन प्रार्थीगण की आराजी की मेड़, सींव, नींव को लेकर विवाद उत्पन्न करके प्रार्थीगण की आराजी में ब्लात, अतिचार,

अतिक्रमण करने पर आमादा हो गये। तत्पश्चात् प्रार्थीगण द्वारा उपरोक्त वर्णित खसरा नम्बर 2440/1661, 1657, 2438/1657, 1658, 1659, 1649 की भूमि बाबत् मौका पर्चा दिनांक 17.05. 2024 को तैयार किया गया है । अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 65 एवं उनके परिवारजन के द्वारा सीमा चिन्ह (मेड़) को हटाते हुए प्रार्थीगण की सह-खातेदारी व कब्जे काश्त की आराजी में ब्लात अतिचार करने पर आमादा हो जाते है। जिससे प्रार्थीगण की आराजी में पत्थरगढ़ी करवाना आवश्यक है चूंकि प्रार्थीगण एवं मौके पर बार-बार आकर अप्रार्थीगण द्वारा अवैधानिक कृत्य को रोका जाना संभव नहीं है। इस कारण प्रार्थीगण द्वारा पत्थरगढ़ी करवाना आवश्यक हुआ है। जिससे सीमाओं का विवाद समाप्त हो सकता है एवं सीमाओं को लेकर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो इस कारण से माननीय न्यायालय के समक्ष प्रार्थीगण द्वारा सद्भाविक रूप से प्रार्थना पत्र पेश किया जा रहा है।प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 65 आपस में पड़ौसी खातेदार है एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 65 एवं उनके परिवारजन के द्वारा बिजाई, बुवाई के दिनो में प्रार्थीगण की सींव, मेड़ को उखाड़ने पर आमादा हो जाते है एवं प्रार्थीगण की आराजी पर ब्लात, अतिचार, अतिक्रमण करने पर उतारू है। जिससे प्रार्थीगण व प्रार्थीगण का परिवार काफी परेशान है। प्रार्थीगण द्वारा माननीय न्यायालय में अपनी स्वयं कि आराजी में चतुर्थ सीमा पर पत्थरगढी करवाने हेतु सद्भाविक रूप से प्रार्थना पत्र पेश किया गया है, प्रार्थना पत्र में सभी चतुर्थ सीमा में स्थित पडौसी खातेदारान की वस्तुस्थिती का वर्णन किया गया है एवं पक्षकार संयोजित किया गया है। इस कारण प्रार्थीगण द्वारा धारा 111 भू-राजस्व अधिनियम 1956 में पारित शर्तों कि व नियमो कि पालना करते हुये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र प्रस्तुती का कारण दिनांक 17.05.2024 को उत्पन्न हुआ की प्रार्थीगण की आराजी का सीमाज्ञान पटवारी हल्का द्वारा किया गया परन्तु प्रार्थीगण की आराजी बाबत् सही नहीं करने से एवं प्रार्थीगण की नींव, सींव, मेड़ को लेकर विवाद करने से एवं प्रार्थीगण की आराजी में मेड़, सींव, नींव को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ एवं नींव, सींव से सम्बन्धित विवाद उत्पन्न होने से प्रार्थीगण द्वारा जमाबन्दी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करके अधिवक्ता से सम्पर्क कर उपरोक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। तब से प्रार्थना पत्र कारण निरन्तर जारी है। इसलिए प्रार्थीगण द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ है तब से कारण निरन्तर जारी है। अप्रार्थी संख्या 66, भू-धारी होने से आवश्यक पक्षकार है माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पालना करने से पक्षकार संयोजित किया गया है एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 65 प्रार्थीगण की आराजी के पड़ौसी खातेदार होने से इस प्रार्थना पत्र में पक्षकार संयोजित किया गया है, एवं खसरा नम्बर 1661, 2439/1659 के खातेदार मोती पुत्र धन्ना के फौत होने से अप्रार्थी संख्या 48 से 52 को पक्षकार संयोजित किया गया है, एवं शेष अप्रार्थीगण को जमाबन्दी अनुसार पक्षकार संयोजित किया गया है। प्रार्थीगण की सहखातेदारी की आराजी ग्राम आकोडिया पटवार हल्का आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान में स्थित है जिसके खसरा नम्बर 2440/1661 रकबा 0.9546 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1657 रकबा 6.8199 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2438/1657 रकबा 0.7119 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1658 रकबा 0.0405 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1659 रकबा 2.3785 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1649 रकबा 3.1227 हैक्टेयर भूमि के नजरी नक्शा/राजस्व ट्रेस/जमाबन्दी के अनुसार चतुर्थ सीमा पर पत्थरगढ़ी का निवेदन किया है ।

प्रकरण दिनांक 5.7.2024 को दर्ज रजिस्टर किया गया । तथा नोटिस तामिली हेतु भिजवाये गये। तामिली रिपोर्ट प्राप्त हुई । 19.9.2025 को बावजूद तामिली अनुपस्थित रहने पर प्रतिवादीगण का जवाब बन्द किया गया । दिनांक 28.11.2025 को बहस सुनी गई । तहसीलदार अंराई की जाच रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी मौके पर काबिज है ।

हमारे द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। :पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व मनन किया गया । वकील वादी की बहस सुनी गई । प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम आकोडिया पटवार हल्का आकोडिया तहसील अंराई जिला अजमेर राजस्थान में स्थित है जिसके खसरा नम्बर 2440/1661 रकबा 0.9546 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1657 रकबा 6.8199 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2438/1657 रकबा 0.7119 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1658 रकबा 0.0405 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1659 रकबा 2.3785 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1649 रकबा 3.1227 हैक्टेयर भूमि का राजस्व रिकार्ड अनुसार मौके पर नाप चौक कर पत्थरगढी करने हेतु तहसीलदार अरांई को कमिश्नर फीस 1000/-रु पर कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा कमिश्नर फीस 1000/- रु जमा करवाने पर वे मौके पर उपस्थित होकर उक्त वाद ग्रस्त भूमि का पक्षकारान की उपस्थिति में नाप चौक कर पत्थरगढी के आदेश दिये जाते है।

आदेश मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 28/11/25 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
अंराई (अजमेर)

**FORM NO III**

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी अंराई | मुकाम अराई (अजमेर)

• **जीतराम पुत्र प्रभू उम्र करीबन 20 वर्ष जाति जाट निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अराईं जिला अजमेर राज. व अन्य ।** —प्रार्थी

## बनाम

• **पांचू पुत्र रामलाल जाति जाट निवासी ग्राम आकोडिया तहसील अराई जिला अजमेर राजस्थान अन्य।** —अप्रार्थीगण।

किस्म मुकदमा— प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 भू.राज.अधि. 1956

दर्ज क्रमांक 63 /2024

ऑनलाइन नंबर **2024 /** 72

**वकील प्रार्थी :— रामदेव गुर्जर** | **वकील अप्रार्थीगण**....................

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 05.07.2024 | **यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से वकील प्रार्थी श्री कुश कुमार ने अन्तर्गत धारा 111,128 भू.राज.अधि. 1955 के तहत पेश किया। प्रार्थना पत्र पर वकील प्रार्थी को सुना गया तथा पेश दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्रकरण को दर्ज रजिस्टर किया जावे तथा अप्रार्थीगणों को सम्मन जारी होकर पत्रावली दिनांक 12.07.2024 को पेश हो।**<br><br>**उपखण्ड अधिकारी**<br>**अराईं** | |
| 12/7/24 | पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान् उपस्थित। P.O. साहब चुनाव कार्य/राजकार्य/दौरे/अवकाश पर पधारे। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार........ दिनांक 23/8/24 को पेश हो। | |
| 23/8/24 | पत्रावली पेश हुई आज....P.O. साहब..... ......On...... की ओर से कार्य स्थगन रखा गया। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक..27/9/24...को पेश हो। | |
| 27/9/24 | पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान् उपस्थित। P.O. साहब चुनाव कार्य/राजकार्य/दौरे/अवकाश पर पधारे। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार........ दिनांक 8/11/24 को पेश हो। | |

28.11.[illegible] पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारगण उप0।
बहस सुनी गयी। पत्रावली माननीय
जिला जज। आदेश पुस्तक से [illegible]
प्राप्त पत्रावली मिलायी गयी। पत्रावली
[illegible] शुक्ला [illegible] से [illegible]

[illegible]